भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 803
सोमवार, 27 जुलाई, 2026 (5 श्रावण 1948 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानन सुरक्षा तंत्र की समीक्षा एवं निरीक्षण

803 श्री के. आर. एन. राजेश कुमार:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विमानन सुरक्षा तंत्रों की समीक्षा की गई है;

(ख) संचालित किए गए सुरक्षा निरीक्षणों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कर्मचारियों की कमी की पहचान की गई है; और

(घ) इस संबंध में क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): नागर विमानन महानिदेशालय के पास सभी विमान और हवाईअड्डा प्रचालकों को शामिल करते हुए नियमों और नागर विमानन अपेक्षाओं (सीएआर) के अनुपालन की निगरानी के लिए एक व्यवस्थित सुरक्षा निगरानी तंत्र है। सुरक्षा निगरानी तंत्र में नियामक संपरीक्षाएं, रात्रि निगरानी, रैंप निरीक्षण, स्पॉट चैक और विशेष संपरीक्षाएं शामिल हैं। नागर विमानन महानिदेशालय अपनी वेबसाइट पर वार्षिक निगरानी योजना (एएसपी) प्रकाशित करता है। संपरीक्षा, निगरानी और स्पॉट चैक के निष्कर्षों के अनुपालन के लिए संबंधित प्रचालक के साथ आगे की कार्रवाई की जाती है।

इसके अलावा, प्रचालक द्वारा की गई कार्रवाई के अनुपालन को अगली संपरीक्षा/निगरानी के दौरान सत्यापित किया जाता है। संपरीक्षा/निगरानी के दौरान नियमों के किसी भी उल्लंघन/गैर-अनुपालन का पता लगने पर, नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा वित्तीय दंड सहित प्रवर्तन कार्रवाई की जाती है। जब कभी संभावित जोखिमों की पहचान की जाती है तो सुरक्षा तंत्र की समीक्षा की जाती है।

(ख): नागर विमानन महानिदेशालय द्वारा वर्ष 2024 से 2026 (जून तक) तक किए गए सुरक्षा निरीक्षणों का विवरण अनुलग्नक में है।

(ग) और (घ): श्रमशक्ति आवश्यकताओं की आवधिक रूप से समीक्षा की जाती है। स्वीकृत और तैनात क्षमता के नियमित मूल्यांकन के माध्यम से रिक्तियों की पहचान की जाती है। आवश्यक श्रमशक्ति की समय पर और निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भर्ती के सभी तरीकों का सख्ती से पालन किया जाता है। ऐसी स्थितियों में जहां विज्ञापनों पर अपर्याप्त प्रतिक्रिया, चयनित उम्मीदवारों का ज्वाइन न करना, पदोन्नति के लिए फीडर संवर्ग में अपर्याप्त सेवा वाले व्यक्ति, प्रतिनियुक्ति पदों पर अपर्याप्त प्रतिक्रिया आदि जैसे विभिन्न कारणों से पद खाली रहता है और अंतराल में आवश्यकता को पूरा करने के लिए, अल्पकालिक संविदात्मक भर्ती के माध्यम से व्यक्तियों की भर्ती करने के प्रयास किए जाते हैं। तकनीकी श्रमशक्ति की कमी को दूर करने और इसका समाधान करने हेतु, अधिक प्रशिक्षण और उत्तराधिकार योजना बनाने के लिए नियमित प्रयास किए जाते हैं।

अनुलग्नक

वर्ष	निगरानियों की संख्या	स्पॉट चैक की संख्या	रात्रि निगरानियों की संख्या	नियामक संपरीक्षाओं की संख्या
2024	3984	1257	768	61
2025	4522	874	550	56
2026 (जून तक)	2645	381	235	24

******